रजिस्ट्री सं० डी०-(डी०)-78

REGISTERED NO. D-(D)--78

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 26] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 1, 1978 (आषाढ़ 10, 1900)

No. 26] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 1, 1978 (ASADHA 10, 1900)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a Separate Compilation.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . .	605
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	861
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	--
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	623
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खण्ड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट . .	—
भाग II—खण्ड 3—उपखण्ड (I)-(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) . . .	1251
भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (II)-(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . .	1477
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश .	137
भाग III—खण्ड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च मंत्रालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	3615
भाग III—खण्ड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	485
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	97
भाग III—खण्ड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधि-सूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1285
भाग IV—गैर सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस .	109

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	605
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	861
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders, and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	623
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	1251
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	1477
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	137
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	3615
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	485
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	97
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1285
PART IV—Advertisements and Notices by Private individuals and Private Bodies	109

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और [illegible] न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और [illegible] सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regul[illegible], Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1977

सं० 31-प्रेज/78—राष्ट्रपति, निम्नांकित कार्मिकों को उनकी असाधारण कर्तव्यपरायणता तथा साहस के लिए "नौसेना मैडल"/"नेवी मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. कमांडर सौरिराजुलु रामसागर, वीर चक्र (00379-के०) नौसेना

कमांडर सौरिराजुलु रामसागर को नौसेना में 1 जुलाई 1959 को कमीशन दिया गया था और 1961 में नौसेना के वायु-स्क्वाड्रन के कमांडर के रूप में 1971 के भारत पाक युद्ध के दौरान इन्हें पूर्वी क्षेत्र में भारतीय नौसेना पोत विक्रांत से रात्रि में शत्रु के ठिकानों पर हमला करने का काम सौंपा गया था। इसमें इन्होंने असाधारण वीरता का परिचय दिया और इन्हें "वीर चक्र" से सम्मानित किया गया। जनवरी 1976 में जब ये नौसेना पोत 'कन्नानूर' के कमांडर थे, इनके पोत को राष्ट्रपति यान बनाया गया जिसमें बैठ कर राष्ट्रपति ने भारतीय नौसेना बेड़े का पुनरीक्षण करना था। जिसे इन्होंने बखूबी निभाया और पुनरीक्षण-कार्य में बड़ा योगदान दिया।

कमांडर सौरिराजुलु रामसागर ने आद्योपान्त अनुकरणीय नेतृत्व व्यावसायिक कुशलता और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया है।

2. कमांडर हरीश चन्द्र शर्मा (00489-के०) नौसेना

कमांडर हरीश चन्द्र शर्मा को नौसेना में मई, 1961 में कमीशन दिया गया था। 1 मार्च 1966 में ये नौसेना बेड़े के वायु स्कन्ध में प्रेक्षक बन गए और तब से इन्होंने इस विशिष्ट क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। ये अर्हता प्राप्त फोटो अफसर भी हैं और साथ ही फोटो के अर्थ बोध विशेषज्ञ हैं। नौसेना के वायु-स्क्वाड्रनों में तथा एक नौसैनिक हवाई अड्डे में इन्होंने आपरेशन अफसर के रूप में विशिष्ट सेवा की। इन्होंने लगातार दो वर्ष तक एलीजेज और सीकिंग वायुयानों में प्रत्येक में 450 घंटे से भी अधिक की उड़ानें की हैं।

कमांडर हरीश चन्द्र शर्मा ने आद्योपांत व्यावसायिक कुशलता और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

3. लैफ्टिनेन्ट सुखदीप सिंह कहलों (00826-ए०)।

नौसेना।

लैफ्टिनेन्ट सुखदीप सिंह कहलों 28 सितम्बर 1974 से 2 जुलाई, 1976 तक नौसेना पोत विक्रान्त की 321 फ्लाइट के फ्लाइट कमांडर रहे। इस अवधि के दौरान इन्होंने एल्यूत III हैलीकोप्टर में कुल 530 घंटे की उड़ानें कीं। ये हैलीकोप्टर के एक अनुभवी पायलट हैं और अब तक 1500 घंटे से अधिक की उड़ानें भर चुके हैं। विमान उड़ान के अपने कार्यकाल के दौरान इन्होंने बम्बई से कुछ दूर समुद्र में डूब गए एक हैलीकोप्टर से वायु सेना के दो पायलटों को बचाया। 3 जनवरी, 1976 को ये एल्यूत हैलीकोप्टर को बड़ी कुशलता से जमीन पर नीचे उतार लाए।

लैफ्टिनेन्ट सुखदीप सिंह कहलों ने साहस, व्यावसायिक कुशलता तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

दिनांक 2 मार्च 1978

सं० 32-प्रेज/78—राष्ट्रपति, निम्नांकित कार्मिकों को उनकी असाधारण कर्तव्यपरायणता तथा साहस के लिए "नौसेना मैडल"/"नेवी मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. कैप्टेन जयन्त गणपत नदकर्णी, वी० एस० एम० (00086-डब्ल्यू०) नौसेना

22/23 मार्च 1976 की रात को नौसेना का एक पोत मूंगा चट्टान में धंस गया था। कैप्टेन जयन्त गणपत नदकर्णी को, जो नौसेना पोत "दिल्ली" के कमांडर थे, इस फंसे हुए पोत को बाहर निकालने और उसे फिर से चालू करने का काम सौंपा गया।

इन्होंने कुशल नाविक के रूप में बड़ी निपुणता से कई नौसेना पोतों के कार्यों में समुचित समन्वय बनाए रखा और अनेक कार्मिकों को उपर्युक्त दिशा-निर्देश भी दिया। इनके प्रयास से वह पोत फिर चालू हो गया और उसे सुरक्षित बन्दरगाह पर लाया गया। इस कार्रवाई के दौरान इन्होंने अपनी कमान के नीचे काम करने वाले सभी कार्मिकों का हौसला बुलन्द रखा और अपनी व्यक्तिगत सुविधा की परवाह न करते हुए उनके सामने एक आदर्श प्रस्तुत किया।

इस कार्रवाई में कैप्टेन जयन्त गणपत नदकर्णी ने अनुकरणीय साहस, नेतृत्व और उच्च कोटि की व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

2. लैफ्टिनेन्ट कमांडर लोकेन्द्र कुमार (00270-एन०)

मार्च 1976 में जब नौसेना का एक पोत मूंगा-चट्टान में धंस गया था तब इसके बचाव-कार्य में नौसेना पोत "गज" को भी लगाया गया। लैफ्टिनेन्ट कमांडर लोकेन्द्र कुमार "गज" पोत के कमांडर थे। धंसे हुए पोत को बाहर निकालने के लिए किए गए कुल दस प्रयासों में से "गज" ने सात प्रयासों में भाग लिया और अन्तिम प्रयास में इनके भाग लेते हुए इस काम में सफलता मिली। प्रतिकूल मौसम और विपरीत दिशा में बह रही तेज तरंगों के बावजूद लैफ्टिनेन्ट कमांडर लोकेन्द्र कुमार अपने पोत को बड़ी सावधानी से धंसे हुए पोत तक पहुंचाने में सफल हुए ? इनके नेतृत्व में पोत के सभी कार्मिक पूरी निष्ठा और लग्न से तब तक कार्य करते रहे जब तक उन्हें इस पोत को बाहर निकाल कर पुनः चालू हालत में लाने में सफलता नहीं मिली।

इस कार्रवाई में लैफ्टिनेन्ट कमांडर लोकेन्द्र कुमार ने अनुकरणीय साहस नेतृत्व और उच्चकोटि की व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

3. लैफ्टिनेन्ट कमांडर गुप्तेश्वर राय (00528-जैड०)

नौसेना।

नौसेना पोत "केसरी" की कमान कर रहे लैफ्टिनेन्ट कमांडर गुप्तेश्वर राय को मार्च 1976 में मूंगा चट्टान में धंसे नौसेना के एक पोत को निकाल लाने के लिए सहायतार्थ भेजा गया था। पोत को चालू करने के लिए यह आवश्यक था कि उसके अन्दर पड़ा अधिकांश ईंधन और कुछ उपस्कर आदि निकाल लिए जाएं ताकि उसका भार कम हो सके। प्रतिकूल मौसम और विपरीत दिशा में बह रही तेज तरंगों के बावजूद भी लैफ्टिनेन्ट कमांडर गुप्तेश्वर राय ने बड़ी कुशलता से धंसे हुए पोत के साथ-साथ अपना पोत सुरक्षित ला खड़ा किया। पोत के कर्मीदल ने अपने 36 घंटों में अविराम काम करते हुए धंसे हुए पोत से सभी भारी सामान और उपकरण बाहर निकाले और उसे फिर से चालू हालत में ला खड़ा किया।

इस कार्रवाई में लैफ्टिनेन्ट कमांडर गुतेश्वर राय ने अनुकरणीय साहस नेतृत्व और उच्चकोटि की व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

4. लैफ्टिनेन्ट कमांडर मदन लाल, एस० डी० एम० ई०, विशिष्ट सेवा मैडल (85029-वाई०) नौसेना

22/23 मार्च 1976 की रात को नौसेना का एक पोत मूंगा चट्टान में धंस गया था। लेफ्टिनेन्ट कमांडर मदन लाल को उसके सहायतार्थ भेजा गया और उस पोत में क्षति नियंत्रण दल को इनके अधीन रखा गया। पोत के अगले भाग में एक बहुत बड़ा छेद हो गया था इसलिए उसमें काफी तख्ता बंदी करने और पैबन्द लगाने तथा कुछ भागों से पम्प द्वारा पानी बाहर निकालने का काम किया जाना आवश्यक हो गया था। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी लैफ्टिनेन्ट कमांडर मदन लाल ने सुचारु रूप से और बड़ी कुशलता से यह काम किया और ये पोत को हुई क्षति और उससे बढ़ते हुए पानी को रोकने में सफल हुए। इन्होंने अपने आराम की चिन्ता न करते हुए लगातार चार सप्ताह तक काम किया और इससे क्षति नियंत्रण दल को बड़ी प्रेरणा मिली। लैफ्टिनेन्ट कमांडर मदन लाल द्वारा किए गए क्षति नियंत्रण सम्बन्धी कारगर उपायों से ही मुख्यतः पोत को दुबारा चलाकर बन्दरगाह तक लाने में सफलता मिली।

इस कार्रवाई में लैफ्टिनेन्ट कमांडर मदन लाल ने बड़े साहस, नेतृत्व और उच्चकोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

5. लैफ्टिनेन्ट मेवा सिंह, एस० डी० वी० (83181-वाई०) नौसेना

लैफ्टिनेन्ट मेवा सिंह को नौसेना के एक पोत के सहायतार्थ विभिन्न नाविक कौशल कार्यों के संचालन का कार्यभार सौंपा गया था जो मार्च 1976 में एक मूंगा-चट्टान में धंस गया था। अपनी सुख-सुविधा की परवाह किए बिना लगातार काम करते हुए इस लैफ्टिनेन्ट मेवा सिंह ने पोत के छोटे लंगर तथा आगे के बड़े लंगर को नौबार डाला और उठाया। इन्होंने उस पोत को सन के भारी रस्सों से कर्षनौका द्वारा खींच लाने के दस बार प्रयास किए। यह इन्हीं के प्रयासों और उनकी व्यावसायिक कुशलता का फल था कि इस धंसे हुए पोत को पूर्णतः क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सका।

इस कार्रवाई से लैफ्टिनेन्ट मेवा सिंह ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ता और उच्चकोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

6. ब्रह्म देव चौधरी लीडिंग सीमैन (85810-क्वारटर्स मास्टर), द्वितीय श्रेणी नौसेना

लीडिंग सीमैन ब्रह्म देव चौधरी को जो नौसेना पोत "दिल्ली" की रिगिंग पार्टी के सदस्य थे, नौसेना के एक पोत के बच्चाव से सम्बन्धित विविध नाविक कौशल कार्यों में सहायता करने के लिए भेजा गया जो मार्च 1976 में एक मूंगा-चट्टान में धंस गया था। चार सप्ताह की अवधि के भीतर धंसे हुए पोत को बाहर निकालने के 9 से अधिक बार प्रयास किए गए। इनमें से अधिकांश प्रयासों का सम्बन्ध पोत को खींचने के लिए सन के भारी रस्से फेंकने और उन्हें स्लिप केबलों से बांधने से था। लीडिंग सीमैन ब्रह्म देव चौधरी इस कार्रवाई में लगातार काम करते रहे और ये कार्मिक दल के प्रमुख सदस्य थे। ये पोत के छोटे लंगरों तथा आगे के लंगरों को डालने और उठाने के काम में लगे रहे और इस प्रकार पोत को सुरक्षित स्थान पर लाने में इनका बहुत बड़ा योगदान रहा।

इस कार्रवाई में लीडिंग सीमैन ब्रह्म देव चौधरी ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ता और उच्चकोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

7. बसन्त राव पाटिल, सीमैन प्रथम श्रेणी

(जी० एल०) 3, 83067 नौसेना

भारतीय नौसेना का एक पोत 22/23 मार्च 1976 को एक मूंगा-चट्टान में धंस गया था। नौसेना पोत, "दिल्ली" को रिगिंग पार्टी के सदस्य सीमैन बसन्त राव पाटिल को इस धंसे हुए पोत को बचाव से सम्बन्धित विभिन्न कार्यों को करने के लिए भेजा गया था। इस पोत को चालू करने के लिए चार सप्ताह के भीतर 9 बार प्रयास किया गया। इनमें से अधिकांश प्रयास पोत को खींचने के लिए सन के मोटे रस्सों को फेंकने और उन्हें पोत के स्लिप और केबलों से बांधना था। सीमैन बसन्त राव पाटिल निरन्तर काम करते रहे और ये कार्मिक दल के प्रमुख सदस्य थे। अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए ये पोत के छोटे लंगरों तथा आगे के लंगरों को डालने और उठाने के काम में लगे रहे।

इस कार्रवाई में सीमैन बसन्त राव पाटिल ने अदम्य साहस, दृढ़ता और उच्चकोटि की व्यावसायिक में कुशलता का परिचय दिया।

के० सी० मादप्पा, राष्ट्रपति के सचिव

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय
(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 6 जून 1978

संकल्प

विषय:—बहुसंयोजक प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों की तुलना में श्रमिक सामाजिक शिक्षा संस्थानों से सम्बन्धित पुनरीक्षण समिति की सिफारिशों का कार्यान्वयन

सं० एफ० 11-12/77-ए० ई०:—बहुसंयोजक प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों (श्रमिक विद्यापीठों) की योजना की तुलना में श्रमिक सामाजिक शिक्षा संस्थानों की योजना के पुनरीक्षण के लिये इस मंत्रालय द्वारा अगस्त, 1976 में निम्नलिखित की एक समिति गठित की गई थी :—

1. श्री अनिल बोर्दिया — अध्यक्ष
संयुक्त सचिव,
शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय।

2. डा० टी० ए० कोशी — सदस्य
परियोजना निदेशक,
सामाजिक विकास परिषद,
53, लोधी इस्टेट,
नई दिल्ली-110003

3. श्री बी० सी० रोकडिया, — सदस्य
निदेशक,
बहुसंयोजक प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र,
नई दिल्ली।

2. इस पुनरीक्षण समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर मन्त्रिमण्डल सचिवालय, मंत्रिमण्डल कार्य विभाग द्वारा जारी किये गये कार्यालय ज्ञापन संख्या 105/2/14/75-सी० एफ० दिनांक 19 फरवरी, 1976 में दिए गये अनुदेशों के अनुसरण में इस मंत्रालय द्वारा स्थापित एक अधिकार प्राप्त समिति द्वारा विचार किया गया था। अधिकार प्राप्त समिति द्वारा लिये गये निर्णयों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने पुनरीक्षण समिति की निम्नलिखित सिफारिशें कार्यान्वयन के लिये स्वीकार करने का निर्णय लिया है:

I. श्रमिकों की शिक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य होंगे:

(i) साक्षरता, उदार शिक्षा, शारीरिक शिक्षा तथा मनोरंजन के अवसर प्रदान करके श्रमिक तथा उसके परिवार के निजी जीवन को समृद्ध बनाना,

(ii) श्रमिक को परिवार के सदस्य के रूप में तथा नागरिक के रूप में अधिक प्रभावशाली भूमिका अदा करने के योग्य बनाना,

(iii) श्रमिक की कार्यकुशलता में वृद्धि करने तथा उसकी उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिये उसकी व्यावसायिक प्रवीणता तथा तकनीकी ज्ञान में सुधार करना;

(iv) सीधी गतिशीलता को सुकर बनाने के उद्देश्य से व्यावसायिक तथा तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना:

(v) वातावरण तथा उसकी अपनी दशा के सम्बन्ध में उसमें आलोचनात्मक सूझबूझ पैदा करने के उद्देश्य से सामाजिक आर्थिक तथा राजनीतिक पद्धतियों से संबंधित उसके ज्ञान तथा समझ को और विस्तृत करना।

II. श्रमिक सामाजिक शिक्षा संस्थानों एवं बहुसंयोजक प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों की वर्तमान दोनों योजनाओं का विलय कर दिया जायेगा और एकीकृत योजना का नाम होगा "अनौपचारिक श्रमिक शिक्षा योजना।" इस योजना के अन्तर्गत स्थापित की जाने वाली संस्थाओं को "श्रमिक विद्यापीठ" कहा जाएगा। तदनुसार, इन्दौर और नागपुर में कार्य कर रहे दो श्रमिक सामाजिक शिक्षा संस्थानों को श्रमिक विद्यापीठ में बदल दिया जायेगा।

III. बम्बई, दिल्ली, और अहमदाबाद में विद्यमान श्रमिक विद्यापीठों तथा नागपुर और इन्दौर स्थित वर्तमान श्रमिक सामाजिक शिक्षा संस्थानों का पुनरीक्षण समिति द्वारा प्रस्तावित रूप रेखाओं के अनुसार पुनर्गठन किया जायगा। इन संस्थाओं में कार्य कर रहे वर्तमान कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकारों/सम्बन्धित संगठनों के परामर्श से इस सम्बन्ध में आवश्यक कारवाई चरणों में की जाएगी।

श्रमिक विद्यापीठ के कार्य निम्नलिखित होंगे: -

(क) शहरी और औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये शैक्षिक कार्यक्रमों तथा अन्य कार्यकलापों का आयोजन एवं संचालन,

(ख) सर्वेक्षणों के माध्यम से विभिन्न श्रेणियों के श्रमिकों की विभिन्न प्रकार की शैक्षिक आवश्यकताओं का पता लगाना तथा इन्हें निश्चित करना;

(ग) (क) श्रमिकों के विभिन्न वर्गों के लिये विशिष्ट कार्यक्रमों के आयोजन में शैक्षणिक संस्थाओं, (ख) सांस्कृतिक संस्थाओं, श्रमिक संगठनों, नियोक्ता संघों, युवक संगठनों, और अन्य संस्थाओं जो श्रमिकों की सामाजिक, सांस्कृतिक और कल्याण सम्बन्धी जरूरतें पूरी करने के लिये कार्यक्रम तथा कार्यकलाप आयोजित कर रही है और (ग) श्रमिकों की उत्पादन शक्ति, रोजगार योग्यता, सामाजिक और नागरिक दायित्व तथा प्रबन्ध में सहभागिता को प्रोन्नत करने से सम्बन्धित कार्यक्रमों को आयोजित करने वाले सार्वजनिक तथा निजी उद्यमों, के साथ सहयोग करना।

(घ) श्रमिकों की शिक्षा के विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन तथा कार्यान्वियन में कार्यरत व्यक्तियों का प्रशिक्षण तथा अनुस्थापन शुरू करना,

(ङ) ऐसी एजेन्सियों, उद्यमों को परामर्श उपलब्ध कराना जो श्रमिकों के प्रशिक्षण और शिक्षा के कार्यक्रम आयोजित करने के लिये योजना बना रहे हैं।

V. श्रमिक विद्यापीठ, स्वैच्छिक, कानूनी अथवा ऐसे ही अन्य संगठनों के अन्तर्गत स्वायत्त निकायों के रूप में स्थापित किय जायेंगे।

VI. प्रत्येक श्रमिक विद्यापीठ कार्यों की व्यवस्था एक प्रबन्ध बोर्ड द्वारा की जाएगी जिसका अध्यक्ष एक विख्यात व्यक्ति होगा। ये बोर्ड भारत सरकार तथा राज्य सरकारों सहित विभिन्न हितों को भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व प्रदान करेंगे।

VII. किसी स्थान विशेष की औद्योगिक संरचना, श्रमिकों की विशिष्टताओं उनकी विशेष शैक्षिक और व्यावसायिक धन्धे से संबंधित आवश्यकताओं और हितों आदि को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक श्रमिक विद्यापीठ का प्रबन्ध बोर्ड श्रमिक विद्यापीठ के कार्यक्रम और कार्यकलाप तैयार करने लिए जिम्मेदार होगा। बोर्ड पद्धतियों कार्यक्रमों की विषय वस्तु, भाग लेने वालों के शैक्षिक स्तर तथा पाठ्यक्रमों की अवधि आदि को भी निर्धारित करेगा। श्रमिक विद्यापीठ के कार्यकरण का मूल्यांकन प्रत्येक विद्यापीठ के कार्यक्रम के संचालन का अभिन्न अंग होना चाहिए तथा प्रबन्ध बोर्ड आवधिक मूल्यांकन के लिये जिम्मेदार होना चाहिए।

VIII. कार्यक्रम के विस्तार और प्रसार के लिये श्रमिक विद्यापीठों का एक जाल बिछा देने के लिए सुव्यवस्थित रूप से चरणबद्ध प्रयासों को सिद्धान्ततः स्वीकार कर लिया गया है। अन्य स्थानों तक योजना के विस्तार के लिए निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखा जायेगा।

(क) ऐसे श्रमिक दल का होना जो अल्पकालिक, कार्योन्मुख पाठ्यक्रमों का जो उनकी शिक्षा सम्बन्धी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किये गये हैं लाभ उठा सके।

(ख) ऐसे योग्यता प्राप्त तकनीकी व्यक्तियों की उपलब्धता जो विद्यापीठ के लिये संभावित शैक्षिक संसाधनों की एक संस्था के रूप में कार्य कर सकें; और

(ग) श्रमिक विद्यापीठ की स्थापना के समर्थन में सहयोग देने के लिये सम्बन्धित राज्य सरकार और/अथवा सम्बन्धित संगठन का रजामन्दी।

IX. श्रमिकों की अनौपचारिक शिक्षा के कार्यक्रमों के विकास के बारे में प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय को परामर्श देने के लिये शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय में एक कार्यक्रम सलाहकार समिति स्थापित की जायेगी।

X. पुनरीक्षण समिति ने प्रत्येक श्रमिक विद्यापीठ के लिये कुछ न्यूनतम पूर्णकालिक स्टाफ की सिफारिश की है। यह निर्णय किया गया है कि फिलहाल विद्यमान स्टाफिंग पद्धति को ही सभी वर्तमान तथा नये श्रमिक विद्यापीठों के लिये जारी रहने दिया जाये। स्टाफिंग पद्धति में किसी प्रकार के परिवर्तन के सम्बन्ध में उस समय विचार किया जाये जब छठी योजना के दौरान उक्त योजना के व्यापक विस्तार से संबंधित प्रस्ताव तैयार किये जायें। पूर्णकालिक स्टाफ के अतिरिक्त प्रत्येक श्रमिक विद्यापीठ अपनी अपनी आवश्यकता के अनुसार अंशकालीन स्टाफ भी रखेगा और अंशकालिक स्टाफ एवं कार्यक्रमों के विकास में कार्यरत उनमें अध्यापन करने वाले मुख्य व्यक्तियों को मान देय की अदायगी के लिये अपने बजट में व्यवस्था करेगा।

XI. श्रमिक विद्यापीठों को केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा सम्बन्धित स्थायत्त निकायों/स्वैच्छिक एजेंसियों के कर्मचारियों को मिलने वाले वेतनमानों एवं भत्तों को अपनाने की छूट होगी।

XII. श्रमिक विद्यापीठों को तकनीकी मार्ग दर्शन देने उनके कार्यकलापों का समन्वय करने, विभिन्न कार्यकर्ताओं के लिये प्रशिक्षण तथा अनुस्थापन की व्यवस्था करने और कार्यक्रम विकास पाठ्यचर्या तैयार करने सामग्री निर्माण तथा बहुउद्देशीय संचार साधनों में मार्ग दर्शन प्रदान करने के लिये प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय में एक एकक की स्थापना की जायेगी। यह एकक राज्य सरकारों सहित अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न एजेंसियों के साथ भी सम्पर्क बनाये रखेगा और समय-समय पर उक्त कार्यक्रमों का पुनरीक्षण तथा मूल्यांकन भी किया करेगा।

XIII. भारत सरकार मौजूदा पद्धति के अनुसार श्रमिक विद्यापीठों की स्थापना तथा संचालन के लिये सहायता अनुदान प्रदान करती रहेगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति सभी राज्य सरकारों, संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों, विश्व विद्यालय अनुदान आयोग, योजना आयोग तथा प्रधान मंत्री कार्यालय, नई दिल्ली को भेज दी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को भारत के राजपत्र में सूचनार्थ प्रकाशित किया जाए।

अनिल बोर्दिया,
संयुक्त सचिव

संकल्प

नई दिल्ली, दिनांक 9 जून 1978

विषय:—अखिल भारतीय खेल परिषद् का पुनर्गठन

स० एफ० 1-6/78-एस० पी०-1—अखिल भारतीय खेल परिषद् का पिछला पुनर्गठन संकल्प संख्या एफ० 1-2/75 एस० पी०-1 दिनांक 15 दिसम्बर, 1976 द्वारा किया गया और इसमें परिषद् के अध्यक्ष सहित कुल अड़तालीस व्यक्ति सदस्य थे। यह अनुभव किया गया है कि विद्यमान परिषद्, जिसकी सदस्य संख्या बहुत अधिक है, बोझिल है और इसे और अधिक कार्यात्मक तथा प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। यह भी अनुभव किया गया है कि परिषद के कार्य के क्षेत्र को भी विस्तृत किया जाना चाहिये। इन बातों को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय खेल परिषद् को पुनर्गठित करना आवश्यक पाया गया है तथा तदनुसार संकल्प संख्या एफ० 1-2/75 एस० पी०-1 दिनांक 15 दिसम्बर, 1976, जिसे भारत सरकार के सम संख्यक संकल्प दिनांक 30-12-1976 द्वारा संशोधित किया गया, रद्द करते हुए परिषद् के विधान को संशोधित करने तथा इस अधिसूचना के जारी होने के तारीख से इसे पुनर्गठित करने का एतद्द्वारा संकल्प किया जाता है।

2. अखिल भारतीय खेल परिषद, जिसे इसके बाद परिषद कहा जायेगा, एक सलाहकार निकाय होगी और वह निम्नलिखित कार्य करेगी:—

(i) खेलकूद की प्रोन्नति से सम्बन्धित सभी मामलों पर भारत सरकार को सलाह देना,

(ii) खेल कूद की प्रोन्नति से सम्बन्धित कार्यक्रमों, योजनाओं, परियोजनाओं तथा खेल सुविधाओं की व्यवस्था के लिये राष्ट्रीय खेल संघों/संगठनों राज्य खेल परिषदों, राज्य सरकारों इत्यादि को दी जाने वाली वित्तीय तथा अन्य सहायता के सम्बन्ध में, सरकार को सलाह देना,

(iii) सरकार तथा राष्ट्रीय खेल संघों/संगठनों के बीच सम्पर्क के रूप म कार्य करना।

3. अखिल भारतीय खेल परिषद में एक अध्यक्ष और बीस सदस्य होंगे, जिनका नामन निम्नप्रकार से किया जायेगा। एक सदस्य को सरकार द्वारा उपाध्यक्ष नामित किया जायेगा:—

(i) अध्यक्ष (भारत सरकार द्वारा नामित किया जायेगा)

(ii) उपाध्यक्ष (भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित सदस्यों में से ही नामित किया जायेगा)।

(iii) खेलों को प्रोत्साहन देने वाले और खेलों की प्रोन्नति संगठन और प्रशासन से सम्बन्धित मामलों के जानकार व्यक्ति (भारत सरकार द्वारा नामित किये जाएंगे)। . . . . 6 (दो महिलाओं सहित)

(iv) खेल लेखक/खेल समीक्षक (भारत सरकार द्वारा नामजद किये जायेंगे) . . . 2

(v) शिक्षाविद 1
(भारत सरकार द्वारा नामित किये जायेंगे)

(क) स्कूलों में खेलों की प्रोन्नति से सम्बन्धित मामलों के जानकार। 1

(ख) विश्वविद्यालय स्तर पर खेलों की प्रोन्नति से सम्बन्धित मामलों के जानकार। . . . 1

(vi) लोक सभा के दो सदस्य (लोक सभा के अध्यक्ष द्वारा नामजद किये जायेंगे)। . . 2

(vii) राज्य सभा का एक सदस्य (राज्य सभा के अध्यक्ष द्वारा नामजद किया जायेगा)। . . 1

(viii) राज्य खेल परिषदों के प्रतिनिधि/जो भारत सरकार द्वारा सम्बन्धित राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों के परामर्श से नामजद किये जायेंगे)। 5

(ix) विदेश मंत्रालय का एक प्रतिनिधि . . 1

(x) शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय में खेल तथा शारीरिक शिक्षा के प्रभारी ब्यूरो/अध्यक्ष

(सदस्य सचिव)

4. परिषद् के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों का कार्यकाल निम्नलिखित शर्तों पर इस परिषद् की प्रथम बैठक की तारीख से तीन वर्ष होगा।

(i) पदेन सदस्य उस समय तक ही सदस्य बने रहेंगे जब तक कि वे उस पद पर रहते हैं जिसके कारण वे परिषद के सदस्य हैं।

(ii) नामजद सदस्य नामजद करने वाले प्राधिकारी की इच्छा तक ही अपने पद पर रह सकेंगे।

(iii) जो भी सदस्य अध्यक्ष से अनुपस्थिति की मंजूरी प्राप्त किये बिना परिषद् की चार लगातार बैठकों में भाग नहीं लेता है, उसकी सदस्यता अपने आप ही समाप्त हो जायेगी।

(iv) अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अथवा किसी अन्य सदस्य के त्यागपत्र, मृत्यु अथवा किसी अन्य कारण यदि कोई स्थान परिषद में खाली हो जाता है, तो उस खाली स्थान पर नियुक्त किया गया व्यक्ति तीन वर्ष की शेष अवधि तक ही अपने पद पर रह सकेगा।

(v) कोई भी व्यक्ति, जो किसी राष्ट्रीय खेल संघ/संगठन का पदाधिकारी (प्रेजिडेंट, चेयरमैन, सचिव अथवा कोषाध्यक्ष) है परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अथवा अन्य सदस्य के रूप में नामांकन के लिये पात्र नहीं होगा। इसके विपरीत यदि परिषद् का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अथवा कोई सदस्य ऐसा पदाधिकारी बन जाता है तो वह परिषद् का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अथवा अन्य सदस्य नहीं रहेगा।

5. परिषद् की एक वर्ष में कम से कम दो बैठकें होंगी।

6. परिषद के कार्य के निपटान को सुकर बनाने के लिये, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य सचिव तथा परिषद के कम से कम चार सदस्यों और अधिक से अधिक छः सदस्यों की, जो कि परिषद् द्वारा अपनी पहली बैठक में चुने जायेंगे, एक कार्यकारी समिति होगी। कार्यकारी समिति ऐसे कार्य करेगी जो परिषद द्वारा उसे सौंपे जायेंगे। कार्यकारी समिति की बैठकें आवश्यकतानुसार होंगी। कार्यकारी समिति द्वारा लिये गये निर्णय परिषद् की अगली बैठक में सूचित किये जायेंगे।

7. परिषद्/कार्यकारी समिति, खेलों से सम्बन्धित ऐसे मामलों पर, जो परिषद/कार्यकारी समिति की बैठकों के आयोजन तक नहीं रोके जा सकते, परिषद/कार्यकारी समिति की ओर से भारत सरकार को सलाह देने के लिये परिषद् के अध्यक्ष को प्राधिकृत कर सकती है।

8. उपाध्यक्ष, परिषद, कार्यकारी समिति तथा परिषद की उप समितियों की बैठकों का, जिसके कि अध्यक्ष सभापति हैं, अध्यक्ष की अनुपस्थिति में सभापतित्व करेंगे तथा ऐसे अन्य कार्य करेंगे जो अध्यक्ष द्वारा उन्हें सौंपे जायें।

9. परिषद् कार्यकारी समिति आवश्यक समझे गये विशिष्ट प्रयोजनों के लिये उप समितियां स्थापित कर सकती है।

10. परिषद खेल विशेषज्ञों की एक नामिका तैयार करेगी, जिसमें से एक अथवा अधिक से विशिष्ट मामलों पर आवश्यकता पड़ने पर परामर्श किया जा सकता है।

11. भारत सरकार परिषद के विधान और गठन में समय-समय पर आवश्यकतानुसार संशोधन कर सकती है ।

12. परिषद के अध्यक्ष को विशेषज्ञों अथवा अन्य जानकार व्यक्तियों को आमंत्रित करने का अधिकार होगा, विशेषकर परिषद, इसकी कार्यकारी समिति अथवा इसकी उप समितियों की किसी भी बैठक में भाग लेने के लिये ।

13. शिक्षा और समाज कल्याण (शिक्षा विभाग) परिषद, कार्यकारी समिति और इसकी उप समितियों को ऐसी सचिवालय सहायता प्रदान करेगा, जो आवश्यक हो ।

आदेश

14. आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति राष्ट्रपति सचिवालय/भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों/सभी राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों/सभी राज्य खेल परिषदों/भारत के विश्वविद्यालयों/अध्यक्ष, भारतीय ओलम्पिक संघ, राष्ट्रीय खेल संघों/परिषदों के अध्यक्ष/अध्यक्ष, राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा तथा खेल संस्थानों की सोसायटी/निदेशक, नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला/प्रधानाचार्य लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा कालेज, ग्वालियर को भेज दी जाये।

15. यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प सर्वसाधारण की सूचना के लिये भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये।

सोमनाथ पंडित संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 26th January 1977

No. 31-Pres/78.—The President is pleased to approve the award of the "Nao Sena Medal"/"Navy Medal" to the undermentioned personnel for acts of exceptional devotion to duty and courage :—

1. COMMANDER SOURIRAJULU RAMSAGAR, Vr. C. (00379-K), NAVY.

